न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

03.02.2026

प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण
मुकदमा संख्या 15/2024
हरबाई व अन्य बनाम श्री धर्मेन्द मीना तहसीलदार बांदीकुई व अन्य

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीगण श्री प्रदीप कुमार विजय उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया कि विचारधीन प्रकरण में न्यायालय तहसीलदार तहसील बांदीकुई के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री धर्मेन्द्र मीना का स्थानान्तरण हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं अधिवक्ता प्रार्थीगण के कथन पर मनन किया गया। विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण श्री धर्मेन्द्र मीना तहसीलदार तहसील बांदीकुई के विरूद्ध पेश किया गया है। तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री धर्मेन्द्र मीना का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिये प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सारहीन हो जाने से इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। अतः न्यायालय तहसीलदार तहसील बांदीकुई में प्रक्रियाधीन नामान्तरकरण सं. 396 ग्राम मुकरपुरा सम्बन्धित प्रकरण को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थीगण हरबाई पत्नि मोती, देवनारायण पुत्र मोती, लोकेश पुत्र मोती समस्त जाति गुर्जर निवासी ग्राम मुकरपुरा तहसील बसवा, मीरा पुत्री मोती पत्नि सुमेर जाति गुर्जर, सुनिता पुत्री मोती पत्नि रूपसिंह जाति गुर्जर निवासी नारायणपुरा तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार तहसील बांदीकुई को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।

3/2/2026

(अरविन्द शर्मा)
अति. जिला कलक्टर,दौसा

Scanned with OKEN Scanner